फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड और मुकुल माधव फाउंडेशन को बेस्ट सीएसआर इंटीग्रेटेड बिजनेस पुरस्कार

एजेंसी/मुंबई

भारत में पीवीसी पाइप्स और फिटिंग्स की प्रमुख निर्माता कंपनी फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एफआईएल), को अपने सीएसआर साझीदार मुकुल माधव फाउंडेशन (एमएमएफ) के साथ बेस्ट सीएसआर इंटीग्रेटेड बिजनेस पुरस्कार से नवाजा गया है। उन्हें यह पुरस्कार नेशनल सीएसआर लीडरशिप कांग्रेस अवार्ड्स द्वारा सीएसआर और स्थायित्व में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये संगठनात्मक श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किया गया है। 20 सितंबर, 2017 को बेंगलुरू में, इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था। फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज को सामुदायिक विकास के उल्लेखनीय कार्यों के साथ ही अपने सीएसआर साझीदार मुकुल माधव फाउंडेशन के साथ मिलकर इसे अपनी रोजमर्रा के कारोबारी अभ्यास का हिस्सा बनाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। एफआइएल और एमएमएफ में हमेशा स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के माध्यम से समुदायों के संपूर्ण विकास पर फोकस किया जाता है। इसके जरिये वंचितों को सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं। पिछले कई सालों में, उनके दृष्टिकोण और इच्छाशक्ति ने हजारों जिंदगियों को प्रभावित किया, लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी और देने की संस्कृति को बढ़ावा देने में सक्षम हुये। इस साझा दृष्टिकोण के कारण ही एफआइएल और एमएमएफ को अपने कार्य क्षेत्र में संपूर्ण योगदान के लिये पुरस्कार प्रदान किया गया है। इस मौके पर अपनी बात रखते हुए, सुश्री रितु छाबड़िया, मैनेजिंग ट्रस्टी, मुकुल माधव फाउंडेशन ने कहा, नेशनल सीएसआर लीडरशिप कांग्रेस अवार्ड्स द्वारा मिले इस सम्मान से हम बेहद खुश हैं। यह पुरस्कार इस बात का प्रमाण है कि किस तरह फिनोलेक्स इंडस्ट्रीज और एमएमएफ का यह विश्वास है कि समुदाय के लिये कार्य करते हुए व्यापार में स्थापित्व का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने आगे कहा, फिनोलेक्स और एमएमएफ में सीएसआर और स्थायित्व के मुख्य आधार स्तंभ परोपकार, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और प्रभावी एकजुटता हैं। अलग-अलग इकाईयों के साथ अपनी साझीदारी से हम उन लोगों तक पहुंचने की कोशिश करेंगे, जिन्हें हमारे सहयोग की जरूरत है।